Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26.11.2021 | अंक 66

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संविधान दिवस पर खेलकूद, योग एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन,

## द आर्यभट्ट संस्थान ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**




संविधान दिवस पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत प्रतिभागी

हजारीबाग रोड बरही में संचालित द आर्यभट्ट संस्थान की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर योग, खेलकूद व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास के साथ किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, योग शिक्षक अनिल कुमार मिश्रा, निशा सिन्हा, एकल अभियान बरही अंचल के कोषाध्यक्ष मनोज केशरी एवं संस्थान के संचालक अरुण कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया । योग प्रशिक्षक अनिल कुमार मिश्रा ने आर्यभट्ट संस्थान से जुड़े सभी विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया तथा सभी को योग का प्रायोगिक तरीके से प्रशिक्षण दिया। उसके बाद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग अष्टम से 10 तक के बालिकाओं के बीच लेग रेस में निशा, आकांक्षा प्रथम, साधना, रूपा द्वितीय, दीपिका अनामिका तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही वर्ग 11, 12 एवं कंपीटिशन वर्ग में बालिकाओं में निशा शिवानी प्रथम, निधि अनीता द्वितीय, श्रुति नूपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया । चेयर रेस में लड़कों में प्रथम विकास कुमार, द्वितीय रोहित, तृतीय प्रिंस कुमार, इलेवंथ एवं एवं कंपीटिशन छात्रों में प्रथम स्थान अम्बर, दूसरा स्थान अकाश, तृतीय स्थान आयुष कुमार, चेयर रेस में अनामिका, क्रांति, रोशनी, अनीता, सीमा, रानी ने बाजी मारी। वहीं 400 मीटर रेस में उमन, धोनी, सूरज, अविनाश, नीतिश, सुमित, निशा, खुशबू क्रांति, सोनी, गुंजन, पूजा ने बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया । एक सौ मीटर रेस में कपिल, उमन, सुमित, अविनाश नी. तिश, सुमित, खुशबू , निशा , निशा टोप्पो, पूजा, गुंजन एवं पम्मी ने बाजी मारी। वाद विवाद प्रतियोगिता में दो विषय रखे गए थे। इसमे एक था लोकतन्त्र में संविधान का महत्व। इसमे प्रथम स्थान प्रिंस कुमार, दूसरा स्थान मुस्कान ने प्राप्त की। तीसरा स्थान सीमा एवं सोनू ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। दूसरे वाद विवाद का विषय था मोबाइल क्रांति, हानि या लाभ । इसमे प्रथम स्थान प्रियांशु , दूसरा स्थान सुकृति एवं तीसरा स्थान लक्ष्मी को मिला बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को राजसिंह चौहान, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं योग शिक्षक अनिल कुमार मिश्रा ने ट्रॉफी देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। मौके पर क्रिकेट मैच भी खेला गया, जिसमे कला संकाय के बच्चों ने बाजी मारी। अतिथियों के द्वारा पूरे टीम को को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों को राजसिंह चौहान ने 500 रुपये बतौर इनाम देकर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालक अरुण कुमार शर्मा, कुंदन शर्मा, रमेश महतो, कमलकांत, निशि राणा, नितेश गोस्वामी, रुपा कुमारी, नीतू यादव, रेणु देवी, चंदन कुमार, कमल प्रजापति, अभिषेक पांडेय ने सराहनीय योगदान दिए। इस कार्यक्रम में संविधान निर्माताओं को भी याद किया गया।



पुरस्कार देते राजसिंह चौहान, कृष्णा प्रजापति एवं एके मिश्रा



योग करते आर्यभट्ट के बच्चे

## सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के खिलाफ भाजपा का जन आंदोलन जल्द : रमेश ठाकुर

## भाजपा का एक शिष्टमंडल सीओ से मिलकर वस्तु स्थिति से कराया अवगत, सुधार करने का अल्टीमेटम



सीओ से वार्ता करते लोग

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड सह अंचल के सरकारी कर्मचारियों के उदासीनता एव लापरवाहीं के कारण आम जनता का काम ठीक नही हो रहा है। दाखिल खारिज के नाम पर दलालों के माध्यम से जमकर अवैध वसूली की जा रही है। सरकारी व्यवस्था के खिलाफ जनता का आक्रोश एवं असंतोष को देखते हुए भाजपा का एक शिष्टमण्डल भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं युवा नेता रितेश गुप्ता के नेतृत्व में बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से मिला और सरकारी कर्मचारियों एव अन्य कर्मियों की उदासीनता एवं लापरवाही से अवगत कराया। बताया कि एक काम के लिए आपके कर्मचारी जनता को बार बार दौड़ाते है। जनता कार्यालय का भी चक्कर लगाकर परेशान है। शिष्टमंडल के लोग एफसीआई गोदाम का भी निरीक्षण कर जनता को मिलने वाले अनाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। एमओ से कहा कि जनता को सही मात्रा अनाज मिले। इसका ध्यान रखा जाय। शिष्टमण्डल में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, युवा नेता रितेश गुप्ता, बरही पश्चिमी मंडल ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज साव, गुरुदेव गुप्ता मुकेश यादव, इंद्रदेव ठाकुर, मोहम्मद हाशिम आदि लोग शामिल हैं।

## झारखंड सरकार गरीबों एवं युवाओं को कर रही गुमराह : बद्री यादव

**अपेम लाइव : बरही**



समाजसेवी बद्री यादव ने झारखंड सरकार तथा चलाये जा रहे योजनाओं को दिखावा बताया है तथा सरकार पर जोरदार हमला करते हुये कहा है कि झारखंड सरकार आज जनता और गरीबो को गुमराह करने में लगी है। अपनी नाकामियों को छुपाने तथा दिखावा के लिए सरकार आपके द्वार, आपके अधिकार कार्यक्रम के माध्यम से जनता को बहलाने व गुमराह करने का प्रयास कर रही है। झारखंड की सत्ता में आने के कई माह बाद भी हेमंत सरकार अब तक राज्य हित में कोई सही काम नहीं कर सकी है। उल्टे पूर्व की सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद कर चुकी है। यह बातें बरही पश्चिमी के जिला प्रत्याशी रिंकू देवी के पति ज़ह सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने कही है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री से जनता के विकास के बारे में काम करने की अपील की। कहा कि आप युवा है, राजनीति करने के लिए बहुत उम्र बाकी है, अब जनता के हितों के लिए काम करने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब तक कई दुष्कर्म के मामले दर्ज हो चुके हैं। भू–माफिया दुबारा सक्रिय हो गए हैं। दूसरी ओर सरकार सिर्फ ट्रांसफर–पोस्टिंग में लगी हुई है। सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में पांच लाख लोगों को नौकरी देने का वायदा किया था, लेकिन यह वायदा ही रह गया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से हुई घटना

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची–पटना मुख्य मार्ग स्थित पावर हाउस समीप हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। जानकारी अनुसार शुक्रवार शाम को गुमो के दो युवक मोटरसाइकिल से चंदवारा की ओर जा रहे थे। इसी बीच पावर हाउस के समीप अज्ञात हाइवा के चपेट में आ गए। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों युवकों को आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल जाने के क्रम में एक युवक ने दम तोड दिया। मृत युवक की पहचान गुमो निवासी रामचंद्र मोदी के 22 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। युवक इकलौता पुत्र था। उसके पिता तिलैया में सब्जी बेचकर जीवन यापन करते है। युवक के मौत से पूरे गाँव मे मातम छा गया।



सडक दुर्घटना मे घायल युवक



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चंदवारा में कांग्रेस का जन जागरण कार्यक्रम आयोजित

### हर क्षेत्र में महंगाई रोकने में मोदी सरकार विफल : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान के तहत कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के चंदवारा प्रखंड में जन जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई। झारखंड प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के पुराना थाना चौक से बजरंगबली चौक तक कांग्रेस जनों ने पदयात्रा किया। पदयात्रा के उपरांत पुराना थाना चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अंबानी-अडानी जैसे पूंजीपतियों के गोद मे खेल रही है। उन्होंने कहा कि नित्यदिन पेट्रोलियम पदार्थों में



जन जागरण कार्यक्रम में शामिल बरही विधायक व अन्य

बेतहाशा मूल्यवृद्धि कर आम जनजीवन का कमर तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कॉंग्रेस की सरकार थी उस समय महंगाई नियंत्रण में था। सभा को संबोधित करते हुए। जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के हितों को दरकिनार कर महंगाई बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती आर्थिक मंदी एवं कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार के विरुद्ध सड़क से सदन तक उतर कर कांग्रेस विरोध करेगा। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, जिप सदस्य अमृता सिंह, जिला उपाध्यक्ष आशीष पांडेय, मुंशी यादव, रामेश्वर यादव, जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, जिला महासचिव सह मुखिया धीरज कुमार, विधायक प्रतिनिधि राज. कुमार यादव, अज्जू सिंह, अशोक सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल, इंटेक जिला अध्यक्ष अनिल यादव, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास, नगर सचिव लक्ष्मण विश्वकर्मा, मुखिया मोहम्मद नसीम, पंचायत समिति सदस्य दिलीप राणा, राम प्रसाद स्वर्णकार, द्वारिका यादव, बबलू यादव, संतोष कुशवाहा, सफीक मियां, वरुण यादव, असगर अंसारी, मोती दास, भोला पंडित, मनोज साव, महेंद्र पांडेय, काली यादव, सिकन्दर यादव, उमेश पासवान, विनोद यादव, राजू यादव, उस्मान मियां, गुलाम रसूल आदि मौजूद थे।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मनाया संविधान दिवस , संविधान सुरक्षा का संकल्प

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के समीप आंगनबाड़ी केन्द्र में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले संविधान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास एवं संचालन शिक्षक रामेश्वर रविदास ने किया। सभी ने बाबा साहब भीम राव अम्ब. ेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही संविधान के बिषय पर चर्चा किया गया एवं लोगों को बताया गया कि भारत का संविधान पर गर्व करनी चाहिए। जबतक भारतीय संविधान सुरक्षित है तबतक हम सुरक्षित हैं। प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास ने कहा कि भारतीय संविधान हर जाति, धर्म, समुदाय, पशु-पंक्षी सहित सभी को स्वतंत्र जीवन जीने का अधिकार देता है। इसलिए आज



संविधान दिवस मनाते भीम आर्मी के लोग

हम सभी को संविधान को बचाने एवं संविधान को जानने की जरूरत है। जिला अधिकारी कृ ष्णा कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान को घर-घर तक पहुंचाने एवं सभी को पढ़ना चाहिए ताकि हम अपने हक़ अधिकार को जान सकें। जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिरजू कुमार ने बताया कि संविधान को बचाने के लिए एवं समाज को मजबूत करने के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन को मजबूत करना होगा। वरिष्ठ महासचिव राहुल अम्ब. ेडकर ने कहा कि आज का दिन गर्व करने का दिन है कि भरतीय संविधान जिससे हम सभी को सुरक्षा प्रदान करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कृष्णा कुमार, जिला महासचिव महेश रंजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिरजू कुमार, उपाध्यक्ष रोहित कुमार दास, वरिष्ठ महा. ससहिव राहुल अम्बेडकर, बरकट्ठा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद कुमार दास, प्रखण्ड उपसचिव अर्जुन रविदास, बरही प्रखण्ड कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राव अम्बेडकर, करियातपुर निवासी शिक्षक जितेंद्र कुमार, प्रशिक्षक रामेश्वर रविदास, सुनील कुमार, पिन्टू रविदास, भरथ दास, बबलू कुमार, छोटन कुमार, अनुज कुमार, संजीत कुमार, दिलीप कुमार, लोकेश कुमार दास, संजय कु दास, दीपेश कुमार रवि, हरि दास,सीताराम रवि,दिनेश्वर रविदास, अनिल रविदास, मंटू कुमार, विवेक कुमार, बिकाश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

## पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर हुई चर्चा, प्रखंड मैदान को सुसज्जित करने का निर्णय

**अपेम लाइवः बरही**

पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में हुई । बैठक की अध्यक्षता उपप्रमुख सिकंदर राणा एवं संचालन बीडीओ सह सीओ अरविंद देवासीष टोप्पो ने किया। बैठक में प्रखंड मैदान को सुसज्जित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मैदान को चारों ओर जाली से भी घेरने का निर्णय लिया गया। इस कार्य के प्राकलन बनाने सहित अन्य तकनीकी प्रक्रिया पूरा करने पर जोर दिया गया। इसके अलावे पंचायत समिति के माध्यम से विकास योजनाओं को चयनित कर उसे धरातल पर उतारने पर जोर दिया गया। मौके पर उप प्रमुख सिकंदर राणा, प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, जितेंद्र गिरी, उमेश यादव, यमुना रविदास, मेवालाल केशरी, दिलीप गुप्ता, वनबिहारी चन्द्रवंशी, मो रब्बानी एवं जसवा देवी शामिल थे।



बैठक मे शामिल सीओ व पंसस के लोग

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---27.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---अष्टमी तिथि
दिन :---शनिवार
नक्षत्र :---मघा नक्षत्र
योग :---वैधृति
करण :---वा
सूर्योदय :---प्रातः 06:42
सूर्यास्त : संध्या 05:18
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---सिंह राशि में
आज का राहूकाल दिन :---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज भैरव अष्टमी व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने संविधान रक्षा का दिलाया शपथ



सपथ ग्रहण करते पुलिसकर्मी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

संविधान दिवस पर प्रखण्ड के भिन्न भिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों व थाना परिसर आदि में संविधान रक्षा की शपथ खाया। इस दौरान प्रखण्ड कार्यालय में बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा व थाना परिसर में थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने उपस्थित कर्मियों को संविधान रक्षा का शपथ दिलाया। वही बीआरसी में बीईईओ रीना कुमारी ने अपने कर्मियो को शपथ दिलाया। थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो ने कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर के बनाए गए कानून के तहत ही हम लोग भी पुलिस की नौकरी करते हैं। हम सब को बखूबी संविधान का पालन करना चाहिए तथा आम लोगो को भी संवैधानिक नियमों से अवगत कराना हम सब का फर्ज बनता है। महतो ने पुलिस पब्लिक के बीच संवैधानिक तथ्यों के तहत मधुर संबंध बनाने की बात कही ताकि लोगों में पुलिस प्रशासन पर अटूट आस्था हो सके।




सपथ ग्रहण करते अंचलकर्मी


## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में मनाया गया संविधान दिवस

### अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं : प्राचार्य

**अपेम लाइवः बरही**

शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में अ०नलाइन बच्चों के साथ जुड़कर संविधान दिवस की 72 वी जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सस्वर पाठ किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं। इन दोनों का तालमेल देश को प्रगति के पथ पर सदैव प्रशस्त करता है। यदि हम अपने कर्तव्य की ओर पूरी जिम्मेदारी के साथ कदम बढ़ाएंगे तो हमारा अधिकार खुद ब खुद हमें प्राप्त हो जाएगा। प्राचार्य महोदय ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमारे संविधान का हृदय है। जो भारत को एक प्रजातांत्रिक देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के बीच संविधान के महत्व को अच्छे तरीके से स्पष्ट करें क्योंकि ये बच्चे ही आगे चलकर देश के भविष्य बनेंगे ।यदि इनके अंदर संविधान के प्रति सद्भावना होगी तो हमारा देश बेहतर तरीके से नियमों का पालन करते हुए प्रगति के पथ पर प्रशस्त होता रहेगा ।संविधान दिवस के अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि संविधान की रूपरेखा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा तैयार की गई थी जो हमें आज भी रास्ता दिखाता है । संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा का नेतृत्व करते हुए हमारे लिए एक बेहतर कानून तैयार किया। साथ ही इसमें व्यक्त अधिकारों पर चर्चा की। रवि उदय सिंह ने संविधान में व्यक्त कर्तव्य के ऊपर जोर देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत जरूरी है कि हम जाने कि हमारा कर्तव्य क्या है ।इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कक्षा नवम से एकादश तक बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हर्ष वीर कक्षा नवम डी, पीहू कुमारी कक्षा नवम बी, शुभम श्री कक्षा नवम सी ,ओम कुमार शिक्षार्थी कक्षा नवम ए, अभय कुमार कक्षा नवम ए,आयुष कुमार कक्षा नवम डी, अभिषेक कुमार कक्षा दशम सी, पवन मंडल कक्षा दशम डी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने अ०नलाइन जुड़े सभी छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई कि वे अपने जीवन में नियम से चलने का प्रण लेते हैं और दूसरों को भी नियम से चलने के लिए ताउम्र प्रेरित करते रहेंगे। प्राचार्य महोदय अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यदि हम अपने कर्तव्य को सफलतापूर्वक पूरा करते रहे तो हमारे अधिकार खुद ब खुद पूरे हो जाएंगे। यही हमारे जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए । प्राचार्य महोदय ने कहा कि संविधान धरोहर है हमारे पूर्वजों का जिसके द्वारा हमारा आने वाला कल सफलतापूर्वक संचालित होता रहेगा ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा, रेखा सिंह, धर्मेंद्र कुमार, लल्लन यादव ,दीपक शरण ,मंटू कुमार गोप ,रमेश कुमार , मुकेश कुमार ,ममता सिंह ,मुन्नी कुमारी,प्रवीण कुमार राय ,प्रदीप गोराई ,फूलमती कुमारी, सुशील कुमार , दीपक कुमार, प्रहलाद कुमार, उमेश कुमार राणा आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही




## प्रतिभा के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम, पाण्डेयबारा के सफल युवक हुए सम्मानित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

नव युवक संघ पाण्डेयबारा के बैनर तले पाण्डेयबारा देवी मंडप में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पाण्डेयबारा के वैसे युवक जिन्होंने हाल ही के दिनों में भिन्न भिन्न क्षेत्रो में सफलता हाशिल कर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया उनके प्रतिभा को किया गया समान्नित। हालांकि पाण्डेयबारा के कई युवक ड्यूटी पर तैनात रहने के कारण कार्यक्रम में सम्मिलित नही हो सके उनके स्थान पर उनका सम्मान उनके परिजनों को सौपा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पाण्डेयबारा के पूर्व मुखिया अनिल पांडेय उपस्थित रहे। इस दौरान झारखण्ड सचिवालय में कार्यरत अमरदीप पांडेय पिता त्रिपुरारी पांडेय, आर्मी जवान कुलदीप पांडेय पिता लालबहादुर पांडेय आदि। अनिल पांडेय ने युवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आने वाले युवा पीढ़ी का मनोबल बढेगा और सफलता हा. शिल करेंगे। कार्यक्रम आयोजन के सूत्रधार सुमंत पांडेय, मुकेश कुमार व राजा कुमार ने बताया कि एआगे भी इस प्रकार का आयोजन होता रहेगा। कार्यक्रम में विहिप अध्यक्ष शेखर गुप्ता, भाजपा युवा नेता अमित सिंह, अखिलेशचन्द्र पाण्डेय , अविनाशचन्द्र पाण्डेय, लालू पाण्डेय, मदन पाण्डेय, शंकर पाण्डेय, कृष्ण पाण्डेय, लालबहादुर पाण्डेय , संजय पाण्डेय, पत्रकार दुर्गेश पांडेय, प्रशान्त पाण्डेय, अनीश पाण्डेय , सूरज पाण्डेय , सुमंत पाण्डेय, मनीष पाण्डेय , नीतीश पाण्डेय , सुबोध रविदास सहित अन्य


सम्मानित हुए सफल युवक

APEM
LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर











## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना




दिनांक: 26-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## आजाद भारत का आजाद नागरिक का एहसास कराती है संविधान : बीडीओ

### कई विद्यालय के बच्चो को संविधान के बारे मे किया गया जागरूक

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कार्यक्रम में शामिल लोग

आजाद देश के आजाद नागरिक होने का एहसास मुझे या देश वासियो को संविधान ही कराता है।संविधान हमे बोलने चलने कुछ काम को अधिकार के साथ करने का हमे आजादी देती है।ऊक्त बाते शुक्रवार को संविधान दिवस के मौके पर बी डी ओ हुलास महतो ने कही।कार्यक्रम ओरखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया जिसमें लोगो को संविधान के विषय मे जानकारी दिया गया और संविधान को सभी कर्मियों ने पढ़ा और सुना और संविधान के कहि गई बातों को पालन करने की सपथ लिया गया। मौके पर उपस्थित लोगो को उन्होंने कहा कि संविधान 26 नवम्बर को ही संविधान सभा ने इसे अमलीजामा पहना कर देश के नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार दिला कर नागरिकों के हक को दिलावाने का कार्य किया था।मौके वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार कान्हाचट्टी प्रखंड के पंचायत चारु के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अरुगड़ा में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर जय प्रकाश शर्मा, बैजनाथ कुमार, अभियंता एवं ग्रामीण उप. स्थित थे।

## कर्णपुरा कॉलेज में संविधान दिवस मनाई गई संविधान निर्माण पर किया गया उल्लेख

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में संविधान सभा की प्रमुख पांच समितियां थी। डॉ० राजेंद्र प्रसाद संच. ालन समिति के अध्यक्ष, सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष, जे बी कृपलानी राष्ट्रीय ध्वज समिति के अध्यक्ष, एवं डॉ भीमराव अंबेडकर प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष थे। जो सात सदस्यों की कमेटी थी। पूर्व प्रभारी प्राचार्य ज्योति जलधर ने कहा कि संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 9 दिसंबर 1946 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में प्रारंभ हुआ। डॉ सच्चिदानंद सिन्हा को सर्वसम्मति से अस्थाई अध्यक्ष चुना गया था। 11 दिसंबर 1946 ईस्वी की बैठक में डॉ० राजेंद्र प्रसाद को सभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने की साथ ही कहा कि भारत के संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। 26 नवंबर 1949 को नया संविधान अंगीकृत हुआ। संविधान सभा अध्यक्ष डॉ० राजेंद्र प्रसाद द्वारा हस्ताक्षर किए गए लेकिन 26 जनवरी 1950 ईस्वी को संविधान लागू किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर फजरुदीन, प्रोफेसर अनू कुमारी, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर राम किशोर प्रसाद दांगी एवं छात्र छात्राएं और स्वयंसेवकों में आभा गंजू, सीमा कुमारी, आरती कुमारी, साक्षी कांति, राज. कुमार, सपना कुमारी, प्रियंका, मोहम्मद निशान, एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने संविधान दिवस मनाया प्रस्तावना पठन सत्र का आयोजन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल कार्यकारी निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस परियोजना सीकरी साइड कार्यालय में एनटीपीसी की ओर से संविधान दिवस मनाई गई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक एम वी आर रेडी ने देश के संविधान की महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की एवं लोगों को संविधान की महत्व को बारीकी से बताया । इस दौरान एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपने कर्मचारियों के बीच प्रस्तावना पठन सत्र का आयोजन किया। मौके पर परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी.आर रेड्डी ने अपने कर्मचारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि "संविधान लोकतंत्र की आत्मा होने के साथ-साथ भारत की एकता व प्रगति का मूल आधार है, आइये हम इस देश में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लिए खुद को फिर से समर्पित करें। मौके पर परियोजना के कार्यकारी निदेशक, एम वी आर रेड्डी, महाप्रबंधक, नीरज जलोटा, एजीएम आनंद जी अग्रवाल, असीम मिश्रा, मृत्युंजय वर्मा के अलावा एनटीपीसी के अलावा वरीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण व मुआवजा को लेकर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया प्रेस वार्ता कहा

### सरकार हमारी बात नहीं मानते है तो भू रैयतों के साथ सरकार के समक्ष आत्मदाह करने को मजबूर हो जाऊंगा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल लोकनाथ महतो व अन्य

बड़कागांव विधानसभा के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा को लेकर बड़कागांव स्थित अपने आवास में प्रेस क०न्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस क०न्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि हम लोगों ने हजारीबाग उपायुक्त से मुलाकात कर 2013 अधिनियम लागू करने को लेकर चर्चा किया। आगे श्री महतो ने कहा कि बीते 2 माह पूर्व झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से मिला था जिस पर मुख्य सचिव ने बताया कि लगातार 30 वर्षों से अधिक समय से जोत आबाद एवं जिसका काग. जात व जमाबंदी कागजात है उन गैरमजरूआ भूमि का मुआवजा रैयती के तर्ज पर करने का सरकार का स्पष्ट निर्देश उपायुक्त के नाम पर है। मामले को लेकर मैं उपायुक्त से मुलाकात किया। जिस पर मुझे उपायुक्त का संतोषजनक जवाब नहीं मिला एवं उपायुक्त ने भड़काऊ अंदाज में कहा कि सरकार से बात कीजिए। जिसके बाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो अब मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से मुलाकात करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री हमारी समस्या को नहीं सुनते हैं तो मैं बड़कागांव के भू रैयतों के साथ विधानसभा झारखंड सरकार के समक्ष आत्मदाह करने को मजबूर हो जाऊंगा। आगे उन्होंने मांग किया है कि कंपनी ग्रामीणों की भूमि को लीज पर लें। राज्य में सरकार एक हैं तो कानून भी एक ही होनी चाहिए। आगे श्री महतो ने कहा कि बड़कागांव में भूमि अधिग्रहण कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है जब से एनटीपीसी कंपनी आई है 1894 में जो कानून बना था उसे अब तक लागू कर रखा है। 2013 अधिनियम कानून गाइडलाइन का पालन ना तो सरकार कर रही ना ही एनटीपीसी । जब संविधान और कानून एक बनी है तो जिस रेट पर लीज पर जमीन ले रही है उसी रेट पर भू रैयतों का जमीन लें जिस पर सरकार का जो टैक्स बनता है वह लें और जो लीज का रेट बनता है वह रैयतों को दें। एनटीपीसी के नजर में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। आगे उन्होंने कहा मामले को लेकर मैं सूचना अधिकार के तहत झारखंड सरकार से बात करूंगा। प्रेस क०न्फ्रेंस में मुख्य रूप से ड०क्टर बालेश्वर प्रसाद मेहता, खेमलाल महतो, श्रीकांत निराला और देव प्रसाद महतो सहित अन्य कई लोग उप. स्थित थे।

## बड़कागॉव में लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



माल्यार्पण करते लोग

बड़कागांव अंबेडकर चौक में संविधान दिवस मनाया गया. इसकी अध्यक्षता रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रघुनाथ राम व पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मनोज गुप्ता ,आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार समेत अन्य अतिथियों ने बाबा साहब ड०क्टर भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण किया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा एवं आदर्श संविधान है जिसमें सभी वर्गों के नागरिकों को सुरक्षा न्याय , 6 मौलिक अधिकार वर्णित है। सिविल सोसायटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि भारत के संविधान से हर महिलाओं एवं नागरिकों को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की गई है। मौके पर भाजपा के मूल चंद साव, शिक्षक चेतलाल राम, मुनेश कुमार राम, रामपति राम, शिक्षक विनोद रजक, धर्मेंद्र कुमार राम, सूरज कुमार,शंभू रविदास, अविनाश आहूजा, चंदन गुरु, रवि कुमार रवि कुमार राम, पवन कुमार, संतोष राम, आकाश कुमार, शिक्षिका चंद्रावती वर्मा, शकुंतला कुमारी, अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

Estd : 2014
VECTOR CLASSES
VECTOR CLASSES
Germinating Confidence
7717777833, 9113408072
I.Sc. (XIth & XIIth) IIT - JEE (Mains + Advance) Medical
ARTS (XIth & XIIth)
8th to 10th (CBSE & JAC Board)
राँची, पटना जैसी शिक्षा प्राप्त करें अब आपके शहर बरही में अनुभवी शिक्षको के साथ...

दिनांकः 26-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 0

## चुगलामो में किसान गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चुगलामो पंचायत भवन में शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लिमिटेड के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि सिकंदर चौधरी, वैज्ञानिक विघ्नराज साहू व सेल्स मैनेजर राकेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया हैदराबाद से आए वैज्ञानिक विघ्नराज साहू ने किसानों को बताया की पौधारोपण वैज्ञानिक तरीके से हो जिससे आमजन को विशेष फायदा मिले वही सेल्स मै. नेजर राकेश मिश्रा ने कहा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से टिशू कल्चर से तैयार महोगनी सागवान पेड़ किसानों को लगाने चाहिए जिससे समय पर इमारती लकड़ी मिल सके मौके पर शिवशक्ति बायोटेक्नोल०जी के द्वारा खेती किसानी के लिए बेहतर कार्य करने वाले किसान भुनेश्वर साहू विजय पासवान राजेंद्र प्रसाद नारायण मोदी दशरथ प्रसाद को प्रशस्ति पत्र दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत कुमार ने संचालन ओमप्रकाश तुमने किया मौके पर रणविजय यादव सुदामा कुमार सुभाष कुमार सत्यानंद कुमार उपस्थित थे ।



गोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य

## एकल अभियान बरही अंचल कार्यकारिणी समिति की बैठक में स्वालंबी एकल विद्यालय बनाने पर जोर

**अपेम लाईवः बरही**

एकल अभियान बरही अंचल कार्यकारिणी समिति की बैठक अपेम कार्यालय में हुई। अध्यक्षता दयानंद चौरसिया एवं संचालन कृ ष्णा प्रजापति ने किया। बैठक में अंकेक्षक रंजीत सेवई मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में एकल अभियान के उद्देश्य, लक्ष्य एवं भावी कार्य योजना पर चर्चा की गई। इस बैठक में अंकेक्षक रंजीत सेवई ने बताया कि एकल अभियान देश के समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से संचा. लित है। पूरे देश मे लगभग एक लाख विद्यालय देश के ही दान दाताओं के द्वारा दिए जा रहे सहयोग से चल रहे हैं। लेकिन अब तक सभी विद्यालय को स्वालंबी बन जाना चाहिए। इस लिए सब हमलोगों को स्वालंबी विद्यालय बनाने पर जोर देने की जरूरत है। इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि बरही अंचल अंतर्गत संचालित 480 विद्यालय का नियमित मॉनटरिंग समिति के द्वारा किया जाएगा। भाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश यादव ने बताया कि इस बार चौपारण संच को स्वालंबी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर काम करने की जरूरत है। बैठक में कोषाध्यक्ष मनोज केशरी, कपिल महतो, मनोज कुमार, सोनू पंडि. तओम प्रकाश कुमार, कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।



एकल अभियान की बैठक में शामिल लोग

## चलकुशा मंडल अध्यक्ष ने 27 को धरना प्रदर्शन को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन ।

### चलकुशा में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा 27 को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : चलकुशा विक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष अशोक यादव के आदेश अनुसार पंचायत चुनाव कराने हेतु एवं स्थानीय मुद्दा को लेकर चलकुशा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के नेतृत्व में 27 नवम्बर समय 10:30 बजे चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय इस कार्यक्रम को सफल धरना प्रदर्शन किया जाना है करने हेतु सभी सांसद प्रति. निधि गण मंडल कमेटी के सभी पदाधिकारी गण एवं सक्रिय कार्यकर्ता गण गणमान्य वरिष्ठ भाजपा नेता गण शक्ति केन्द्र के संजोजक सहसंजोजक बुथ अध्यक्ष गण एवं तमाम भाजपा समर्थित कार्यकर्ता गण एवं सभी मंच मोर्चा के अधिकारी गण से अध्यक्ष ने अपील कि आप द्वारकापुरी होटल चलकुशा में एकत्रीत होने का कष्ट करें ।र उपस्थित थे ।



## चोलेश्वर यादव का निधन दुखद : पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव

**अपेम लाइव : सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम कोनहरा कला निवासी चोलेश्वर यादव का निधन गुरुवार शाम को हो गई। खबर पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शुक्रवार कोनहरा कला पहुंचे व परिजनों को ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने अंतिम संस्कार यात्रा में भाग लिया। पूर्व विधायक ने कहा कि स्व चोलेश्वर यादव के निधन से के लिए किऐ गए कार्यो को समाज को अपूरणीय क्षति भूलना कठिन होगा। गा. हुई है। उनके द्वारा समाज ैरतलब हो स्व चोलेश्वर यादव काफी दिनों तक वन विभाग से जुड़े रहे उन्होंने जंगल बचाने के लिए सराहनीय योगदान दिए थे। उनके द्वारा कल्याण विभाग से अनेको लाभ ग्रामीणों को दिलाये अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, राज. कुमार नायक, बाबूलाल यादव, धानेश्वर यादव, जीवन यादव, महावीर यादव, श्यामलाल सिंह, मनी यादव, समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



अंतिम यात्रा में शामिल लोग

## विधायक अंबा प्रसाद ने कहा महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन पर मेरा विशेष ध्यान

**अपेम लाइवःअमित मालाकार**

सिंदवारी पंचायत के ग्राम सोनबरसा में विधायक अंबा प्रसाद ने जेएसएलपीएस के तहत ग्राम संगठन कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन कियाद्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक अंबा प्रसाद का सखी मंडल के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम मे पहुंचने पर संविधान दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अंबा प्रसाद ने बाबा साहब भीमराव के अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मर्. हलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलंबन पर मेरा विशेष ध्यान है। आजीविका महिला ग्राम संगठन का निर्माण स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन और मर्. हलाओं को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में काफी अच्छा कदम है। उन्होंने कहा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए वर्तमान सरकार लगातार योजनाएं ला रही है। जैसे कि फूलो–झानो आशीर्वाद अभियान के तहत हड़िया व दारू की बिक्री और निर्माण कार्य से मजबूरन जुड़ी महिलाओं को वैकल्पिक व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है।वर्तमान में राज्य के हर पंचायतों में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत योजनाओं का सीधा लाभ और आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है जिसमें महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिल रही है। मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, कोलेश्वर राम, सुरेश महतो, महिला मंडल की अध्यक्ष चिंता कुमारी, सचिव गीता देवी,कोषाध्यक्ष सोनम कुमारी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे



संबोधित करते विधायक अंबा प्रसाद

## प्रखंड कार्यालय नामकुम में आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः नामकुम**

भारत सरकार के दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित समेकित पुनर्वास केंद्र (सीआरसी) नामकुम ,रांची एवं प्रखंड कार्यालय नामकुम रॉंची के सहयोग से पंचायत वार आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं सुप. रवाइजरो को दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 व इस अधिनियम द्वारा प्राप्त अधिकारों, पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं विषयक प्रशिक्षण प्रदान 21 प्रकार की दिव्यांगता की पहचान, जन्म से पूर्व जन्म के समय व जन्म के उपरांत विभिन्न कारणों के साथ ही साथ शीघ्र पहचान व हस्तक्षेपण की भी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया । सरकार द्वारा विभिन्न संचा. लित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा सरकारी सहायता प्राप्त करने के उपायों के बारे में बताया गया सीआरसी के डायरेक्टर जितेंद्र यादव जी ने कहा कि हमारे केंद्र के द्वारा दिव्यांग जनों की सशक्तिकरण एवं उनके जीवन में नया आयाम गठित करने हेतु पुनर्वासी सेवाएं प्रदान की जाती है। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए ओपीडी का संचालन भी किया जाता है जो भी दिव्यांगजन सहायक उपकरण एवं थेरेपी का लाभ ले सकते है । इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणकर्ता के रूप में सी आर सी निदेशक जितेंद्र यादव विशेष शिक्षक पोवेल कुमार ,रिपोर्ट शिक्षक रजनीगंधा, वीरेंद्र कुमार श्री सतीश कुमार, जॉन रोबर्ट पिड्डा, सद्दाम,राजेश, श्री संजय, सुबाष सहित नामकुम प्रखंड की सेविका एवं सहायिका आदि ने भाग लिया



प्रशिक्षण में शामिल लोग




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी